हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

4 चैत्र नवरात्रि पर 801 मीटर भव्य चुनरी यात्रा निकली



## खबर संक्षेप

### नियम उल्लंघन पर 1 लाख का जुर्माना

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत बिछियाटोला तहसील केल्हारी अंतर्गत केवई नदी में अवैध रेत उत्खनन के मामले में प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाते हुए कार्रवाई की है। खसरा क्रमांक 684 रकबा 16.250 हेक्टेयर क्षेत्र में स्वीकृत गौण खनिज साधारण रेत खदान में रात के समय रेत लोडिंग की शिकायत मिलने पर कलेक्टर के निर्देश पर जांच कराई गई, जिसमें शिकायत सही पाई गई। जांच में यह सामने आया कि उत्खनन पट्टाधारी द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए रात्रिकाल में वाहनों के माध्यम से रेत का परिवहन किया जा रहा था, जो निर्धारित प्रावधानों के विरूद्ध है। प्रशासन ने इस कृत्य को छग गौण खनिज साधारण रेत के उत्खनन एवं व्यवसाय अनुसूचित क्षेत्र के लिए नियम 2023 का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की गई।

### विश्व क्षय दिवस पर राज्य स्तरीय शुभारंभ आज

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय अभियान के दूसरे चरण का राज्य स्तरीय शुभारंभ 24 मार्च को मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंगल भवन, पोड़ी जिला एमसीबी में दोपहर 1:30 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे, जो लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सहित विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी संभालते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भरतपुर-सोनहत रेणुका सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, महापौर राम नरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ प्रतिमा यादव, नपं अध्यक्ष झगराखांड रीमा यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष लेदरी वीरेन्द्र सिंह राणा शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, जांच एवं उपचार को बढ़ावा देना तथा टीबी मुक्त लक्ष्य को सशक्त करना है। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### पटना पुलिस ने किया मामले का खुलासा
# पत्नी और पुत्र ने रची हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

थाना पटना क्षेत्र में हुए एक संदिग्ध मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों ने मिलकर बसंत लाल की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कटकोना स्थित एक कलारी में कार्यरत बसंत लाल की 25 फरवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे तथा एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में थाना पटना पुलिस द्वारा विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक शराब पीने का आदी था और परिवार के भरण-पोषण में सहयोग नहीं करता था, जिससे घर में अक्सर विवाद होता था। इसी बात से परेशान होकर मृतक की पत्नी शालू और पुत्र विजेन्द्र ने उसकी हत्या की साजिश रची। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि दोनों आरोपियों ने लकड़ी से प्रहार कर बसंत लाल को गंभीर चोटें पहुंचाई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

घटना को आत्महत्या दर्शाने के लिए बाद में शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। थाना प्रभारी प्रमोद पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 23 मार्च को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की आगे की जांच जारी है।


गिरफ्तार आरोपी।

# शिवघाट में अनियंत्रित ट्रक खाई में गिरने से बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ चालक सहित सभी सुरक्षित

सोनहत मार्ग पर पड़ने वाले शिवघाट क्षेत्र में एक धान की बोरियों से भरा ट्रक गंभीर दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच गया। शिवघाट के मोड पर लोडेड ट्रक पूरी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चली गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर-सोनहत मार्ग पर शिवघाट क्षेत्र में शिव मंदिर के निकट बीते दिनों धान से भरा ट्रक सोनहत क्षेत्र से बैकुंठपुर की ओर आ रहा था, इसी दौरान घाटी में स्थित शिव मंदिर से कुछ दूरी पर एक मोड पर वाहन चालक स्टेयरिंग पूरी तरह से काट नहीं पाया और लोडेड वाहन सड़क से उतर किनारे जाकर रूक गया। यदि चंद दूरी पर वाहन और आगे बढ़ा होता तो वाहन नीचे खाई में चला जाता, लेकिन यह खुशकिस्मती रही ▶▶ शेष पेज 4 पर


दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

# साक्षरता महापरीक्षा, 95 प्रतिशत शिक्षार्थियों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले में शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह परीक्षा 22 मार्च को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

जिले के विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत में कुल 164 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जहां 1641 पंजीकृत शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। शाम 5:30 बजे तक लगभग 95 प्रतिशत शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के पूर्व ग्राम पंचायतों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया, इसमें दीवार लेखन, पीला चावल आमंत्रण, गीत-संगीत और स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। परीक्षा केन्द्रों में शिक्षार्थियों का स्वागत तिलक एवं पुष्पगुच्छ से किया गया, इससे पूरे आयोजन में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। इस अभियान का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाना तथा उनकी शैक्षिक उपलब्धियों का आकलन करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान, जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए संकुल स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। साथ ही पंचायत सचिवों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित की गई। संभागीय, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग भी की गई। इस आयोजन में पंचायती राज संस्थाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मध्यान्ह भोजन समूह और स्कूली बच्चों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिससे साक्षरता अभियान को जनआंदोलन का रूप मिला।



### सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन कल

**मनेन्द्रगढ़।** सिंधु समाज सेवा समिति द्वारा स्थानीय झूलेलाल मंदिर में पहली बार सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 25 मार्च को शाम 5 बजे से शुरू होगा। इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त सिंधी कवि और कवयित्रियां अपनी रचनाओं का काव्य पाठ प्रस्तुत करेंगे। इस विशेष कवि सम्मेलन में नागपुर से नारी लच्छवाणी और दिलीप आसूदाणी, होशंगाबाद से महेश मूलचंदानी, शत्रुघ्न जेसवानी (शाद) तथा नागपुर की कवयित्री ममता परवानी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनोद आसूदाणी द्वारा किया जाएगा, जबकि संपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी सिंधी साहित्य के प्रसिद्ध हस्ताक्षर राजकुमार मसंद राज संभालेंगे। आयोजन को सफल बनाने में सिंधु समाज सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य मनोहर लाल खियानी और राजेश मंगतानी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# जेल में बंदियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला जेल बैकुंठपुर में बंदियों के पुनर्वास और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च तक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैकुंठपुर के सहयोग से संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान बंदियों को कृषि उद्यमी बनने के लिए विभिन्न व्यावहारिक और वैज्ञानिक जानकारियां प्रदान की गईं। इसमें मिट्टी परीक्षण, पोषक तत्वों की पहचान, पीएच मान जांच, गोबर से खाद निर्माण, वर्मीकंपोस्ट, जीवामृत एवं ब्रह्मास्त्र जैसे जैविक उर्वरक और कीटनाशक बनाने की विधियां सिखाई गईं। इसके साथ ही भिंडी, करेला, लौकी, टमाटर जैसी फसलों की वैज्ञानिक खेती, नर्सरी प्रो-ट्रे में बीज उगाने की तकनीक तथा फसलों को रोगों से बचाने के उपायों का भी प्रशिक्षण दिया गया। बंदियों को बकरी पालन, मछली पालन और मुर्गी पालन का बेसिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 32 बंदियों ने भाग लिया। साथ ही कृषि संबंधी ऋण और बीमा की जानकारी भी दी गई, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के सफल संचालन में सहायक जेल अधीक्षक एसके आबिद रजा एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैकुंठपुर के डायरेक्टर महती बनरा का विशेष योगदान रहा।





## खबर संक्षेप

### 31 तक अवकाश के दिनों में भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**अम्बिकापुर।** राज्य में राजस्व संग्रह को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पंजीयन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्य बाधित न हो, इसके लिए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। जारी आदेश के अनुसार मार्च माह के निम्नलिखित 22 मार्च, 28 मार्च, 29 मार्च, व 31 मार्च महावीर जयंती को शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालयों में नियमित रूप से पंजीयन कार्य संपादित किया जाएगा। विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त तिथियों में कार्यालय खुला रखना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखें। इसके साथ ही बैंकों को भी 31 मार्च 2026 तक लेन-देन जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह निर्णय विशेष रूप से वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्यों की अधिकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे राजस्व संग्रह प्रभावित न हो और नागरिकों को समय पर सेवाएं मिल सकें।

### काम करने के दौरान प्लेसमेंट कर्मचारी हुआ घायल

**बलरामपुर।** सड़क पर मौजूद विद्युत पोल को हटाने के दौरान नगर पालिका का प्लेसमेंट



कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि रविवार को नगर पालिका द्वारा दुर्घटना के कारण टूट कर जगह जगह गिरे हुए स्ट्रीट लाइट पोल को उठाकर नगर पालिका परिषद में रखवाया जा रहा था। इस दौरान स्ट्रीट लाईट पोल को ट्रैक्टर पर लोड करते समय प्लेसमेंट कर्मचारी मिशन रोड निवासी विजय मिंज आ. सवा. राम खेलावन मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया जहां फिलहाल उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। इधर अवकाश के दिन प्लेसमेंट कर्मचारियों से काम कराए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है। दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होते हैं नगरपालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी और अन्य पार्षद तत्काल अस्पताल में पहुंचे व घायल का हाल चाल जाना। इस सम्बन्ध में सीएमओ प्रणव राय का कहना है कि प्लेसमेंट कर्मचारियों का कोई अवकाश नहीं रहता प्रत्येक दिवस कार्य किया जाता है। कर्मचारियों को साप्ताहिक बाजार वाले दिन स्थानीय रूप से छुट्टी दी जाती है।

### राज्य व्यावसायिक पूरक और आईटीआई ट्रेड परीक्षा 1 अप्रैल से

अम्बिकापुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में राज्य व्यावसायिक पूरक परीक्षा (नई एवं पुरानी प्रणाली) और आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा (पुरानी प्रणाली) 1 अप्रैल से आयोजित की जाएंगी। संस्था के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षाएं निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संपन्न होंगी। संस्था द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना परीक्षा फॉर्म 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। प्रशिक्षणार्थी अपने संबंधित प्रशिक्षण अधिकारी या व्यवसाय प्रभारी के माध्यम से फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी संस्था की प्रशिक्षण शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

### स्टोन डस्ट से छिड़ककर बनाई गई अस्थाई कच्ची सड़क लोगों के लिए बनी मुसीबत

# रेलवे गुड्स शेड रैक पाइंट पहुंचने के लिए अब तक नहीं बनी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के बिश्रामपुर रेलवे रैक प्वाइंट मालधक्का में हाल ही में करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए विकास एवं आधुनिकीकरण कार्य अब स्थानीय लोगों, रेल यात्रियों और रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं,जहां एक ओर रेलवे ने गुड्स शेड को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधा व पक्की सड़क बनाने की अनदेखी होने से पूरे क्षेत्र में उड़ते धूल के गुब्बारों से संकट परेशानी और बढ़ गई है।

**खास बात**

- उड़ते धूल के गुब्बारों से आसपास के रिहायसी क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी

गौरतलब है कि सरगुजा संभाग का इकलौता गुड्स शेड बिश्रामपुर में स्थित है, जो पिछले करीब छह दशकों से संचालित हो रहा है। यहां से सीमेंट, खाद्यान्न, उर्वरक, बीज सहित विभिन्न सामग्रियों का बड़े पैमाने पर रेल माध्यम से परिवहन किया जाता है, जिससे रेलवे को हर वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। लंबे समय तक उपेक्षित रहने के बाद केंद्र सरकार की नीतियों के तहत रेलवे के आधारभूत ढांचे में सुधार के लिए इस गुड्स शेड का उन्नयन किया गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म पिचिंग, विंड स्क्रीन की स्थापना, गुड्स शेड की मरम्मत, नए गुड्स कार्यालय का निर्माण और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की स्थापना जैसे कई कार्य कराए गए। इन विकास कार्यों के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों को उम्मीद थी कि स्टेशन पहुंच मार्ग और गुड्स शेड परिसर में पक्की और टिकाऊ सड़क का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे आवागमन सुगम हो सके। लेकिन इसके विपरीत, रेलवे के निर्माण विभाग ने पुराने जर्जर मार्ग को ठीक करने के बजाय उस पर काम चलाने के लिए स्टोन डस्ट डालकर पानी का छिड़काव कर रोलिंग करा दी।



रेलवे गुड्स शेड की कच्ची सड़क।

**लोडिंग के दौरान उड़ती है धूल**

गुड्स शेड के आधुनिकीकरण के दौरान रेलवे ने करीब दो महीने का ब्लॉक लेकर कार्य कराया था। इस अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर स्टेशन के सामने एक अस्थायी रैक प्वाइंट तैयार किया गया था। कार्य पूरा होने के बाद उम्मीद थी कि इस वैकल्पिक प्वाइंट को बंद कर दिया जाएगा, लेकिन अतिरिक्त राजस्व की संभावना को देखते हुए रेलवे ने दोनों रैक प्वाइंट को अभी भी चालू रखा है। रेलवे स्टेशन के सामने बने इस दूसरे रैक प्वाइंट का प्लेटफॉर्म सीमेंटेड नहीं हो पाया है,कच्ची मिट्टी होने से माल लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान भारी मात्रा में धूल उड़ती है। इसका सीधा असर स्टेशन परिसर, रेलवे कार्यालयों और कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों पर पड़ रहा है।

**शिकायत के बाद भी सुधार हेतु नहीं हुई पहल, नाराजगी**

स्थानीय परिवहनकर्ताओं और नागरिकों ने इस समस्या को लेकर रेल प्रबंधन को लिखित शिकायत देकर अवगत कराया है। उन्होंने पक्की सड़क निर्माण, नियमित पानी छिड़काव और धूल नियंत्रण के अन्य उपाय करने की मांग की है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे प्रबंधन अतिरिक्त आय के लाभ लेने के लालच में लोकहित के विपरीत कार्य करा रहा है,स्थानीय जनता और अपने ही कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुविधा की अनदेखी कर रहा है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए और दोनों रैक प्वाइंट पर धूल नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

यह अस्थायी व्यवस्था अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। रैक प्वाइंट पर रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों की आवाजाही होती है, जिससे दिनभर स्टोन डस्ट उड़कर धूल का गुब्बार बन जाता है। यह धूल स्टेशन परिसर, आसपास के बाजार, रेलवे कॉलोनी और रिहायशी इलाकों तक फैल रही है। निरंतर उड़ती धूल के कारण स्थानीय लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं यात्रियों को भी स्टेशन तक पहुंचने और वहां ठहरने में भारी असुविधा हो रही है।

इस संबंध में रेलवे के आईओडब्ल्यू मनोज गुप्ता ने बताया कि वर्क ऑर्डर एस्टीमेट में जितना काम था वो पूरा करा दिया गया है। सड़क निर्माण के लिए दोबारा से एस्टीमेट बनाने विभाग को भेजा गया गया है। जल्द ही पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा।



## राम प्रताप राजवाड़े ने चंडीगढ़ में दो इवेंट में जीते कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सरकारी सेवा और योग साधना को एक साथ जीने वाले जिले के एक स्वास्थ्यकर्मी ने राष्ट्रीय स्तर पर वह कर दिखाया जो बड़े-बड़े खिलाड़ियों के लिए भी गर्व की बात होती है। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत राम प्रताप राजवाड़े ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता में दो-दो इवेंट में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले सहित छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

- लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय मंच पर लहराया जिले का परचम

केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड के तत्वाधान में चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की सिविल सेवाओं के योग प्रतिभागियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेने के लिए श्री राजवाड़े ने पहले संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल में अपनी जगह पक्की की और फिर चंडीगढ़ के राष्ट्रीय मंच पर 50 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में आर्टिस्टिक सोलो तथा रिदमिक पेयर दोनों इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अर्जित किया। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा उन्हें पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। गत वर्ष ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता 2024-25 में भी उन्होंने 50 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में ट्रेडिशनल सोलो इवेंट में स्वर्ण पदक तथा आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में रजत पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया था।

## तीन किलो गांजा के साथ पकड़ा गया ग्रामीण, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर में गांजा बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा है। टीम ने आरोपी के पास से तीन किलो गांजा बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा लगातार संभाग में नशे के सौदागरों पर कार्रवाई कर धर पकड़ करने में जुटी है। इसी बीच संभागीय उड़न दस्ता टीम जब कोरिया जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र में मदिरा दुकान जांच करने गई थी तभी मुखबिर से सूचना मिला कि जामपारा निवासी लक्ष्मण अपने घर से भारी मात्रा में गांजा रख कर बिक्री कर रहा है। सूचना पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम जामपारा निवासी लक्ष्मण के घर दबिश दी। लक्ष्मण के घर की तलाश में उसके शयनकक्ष से एक झोले में 2.883 किलोग्राम लगभग तीन किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। टीम ने आरोपी लक्ष्मण के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर



बैकुंठपुर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि उड़नदस्ता टीम सरगुजा संभाग के सभी जिलों में नशे के सौदागरों पर कार्रवाई कर रही है और आगे भी करेगी।। पूरे सरगुजा संभाग को नशे से मुक्त करने की दिशा में हम प्रयासरत हैं।

# चोरी के शक पर तालिबानी सजा सिर के बाल नोचे, कपड़े भी फाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में चोरी की शक पर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बड़ी बात यह है कि लोगों ने युवक के बाल उखाड़ दिए और उसके कपड़े फाड़ डाले। युवक को दी गई इस तालिबानी सजा का वीडियों भी बनाया गया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद जिले में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे है। इधर इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की पहचान की जा रही है।

- अर्धनग्न कर मारपीट, शंकरगढ़ थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में 21 मार्च को गांव में सरसों और लगभग 300 रूपए नगद चोरी की बात सामने आई थी। चोरी की शक पर ग्रामीण ने एक युवक को पकड़ लिया और उसे खुद ही सजा देने का निर्णय भी ले लिया। चोरी के शक पर पकड़े गए युवक को मारने पीटने के लिए लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान युवक के सिर के कुछ हिस्से के बाल को उखाड़ा गया और उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए। युवक को अर्धनग्न अवस्था में सड़क पर बिठाया गया और मारपीट की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक खुद को निर्दोष बताता रहा, लेकिन भीड़ का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लंबे समय तक चली पिटाई के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान लोगों ने युवक के साथ मारपीट का वीडियो भी बनाया और अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। मामला सामने आने के बाद शंकरगढ़ पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है लेकिन इस तरह चोरी के शक पर युवक के साथ मारपीट और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना ने कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुद ही कानून को हाथ में लेकर लोगों के साथ मारपीट करने और उन्हें सजा देने की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है।



सड़क अर्धनग्न युवक।

**चल रही है कार्रवाई**

इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। हम आरोपियों की पहचान करने के साथ ही मामले की जांच कर रहे है। जल्द ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी

### शराबी पति ने पत्नी पर किया सब्बल से हमल, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** गाली देने से मना करने पर शराबी पति ने महिला के साथ जमकर मारपीट की। आरोपी ने महिला पर सब्बल से वार किया। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के ग्राम पर्री पुलिस लाइन गेट के समीप रहने वाली महिला शान्ति राजवाड़े 12 मार्च की दोपहर 3 बजे घर में थी। इसी दौरान महिला का पति मंगल साय राजवाड़े शराब के नशे में धुत होकर घर लौटा और घरेलू बात को लेकर पत्नी के साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा था। जब महिला ने गाली देने से मना करने के साथ ही विरोध किया तो आरोपी ने घर में रखे सब्बल से महिला के सिर पर वार कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पुत्र सुरेंद्र प्रताप और आस पास के लोगों ने सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया था। उपचार के बाद महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296(बी), 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### बाड़ी में बकरी घुसने पर ग्रामीण के साथ मारपीट

**अंबिकापुर।** बकरी के बाड़ी में जाने से नाराज पड़ोसी ने ग्रामीण के साथ ही गाली गलौज करने के साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। चेन्द्रा चौकी अंतर्गत ग्राम जाज निवासी किसान प्रेम सिंह टेकाम ने 21 मार्च की शाम 4 बजे अपनी बकरियों को चरने के लिए छोड़ा था। इस दौरान ग्रामीण की बकरी पड़ोसी राम चन्दर सिंह के बाड़ी में चली गई। जब ग्रामीण अपनी बकरी को लेने के लिए रामचंद्र सिंह के बाड़ी में गया तो आरोपी शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी सोनकुंवर, ग्रामीण गायत्री सिंह, हीरा लाल शोर सुनकर मौके पर पहुंचे और बीच बचाव किया।



## चोर पहरी घाट को नहीं काटने पर लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज–बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित टू-लेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर आज उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जब चोर पहरी घाट को नहीं काटे जाने तथा नीचे स्थित सड़क को ऊंचा किए जाने के मुद्दे पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई। निर्माण कार्य से जुड़े इस निर्णय को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों में असंतोष देखने को मिला। लोगों का मानना था कि यदि चोर पहरी घाट को यथावत छोड़ दिया जाता है, तो भविष्य में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहेगी।

गौरतलब है कि चोर पहरी घाट क्षेत्र लंबे समय से दुर्घटना संभावित स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना था कि टू-लेन सड़क निर्माण का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाना है, ऐसे में यदि घाट को नहीं काटा गया तो दुर्घटनाओं की स्थिति पूर्ववत बनी रहेगी और निर्माण कार्य का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा।

इधर विवाद की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और स्थानीय समस्याओं एवं जनता की चिंताओं से अवगत कराया। वार्ता के दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए चोर पहरी घाट को काटना आवश्यक है, ताकि सड़क पूरी तरह सुरक्षित बन सके। मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष रमन अग्रवाल, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, संटू सहित सामाजिक कार्यकर्ता राकेश गुप्ता, छोटेलाल समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में घाट कटिंग की मांग रखी। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच हुई चर्चा के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों द्वारा चोर पहरी घाट को काटे जाने पर सहमति प्रदान की गई।

# सरगुजा ओलंपिक 2026 : दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा ओलम्पिक की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने अपनी खेत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने जिले के विभिन्न विधाओं में खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने जिलों का नाम रौशन किया है। संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता का समापन अब सोमवार को किया जाएगा। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मशहूर खिलाड़ी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

- समापन समारोह में बाईचुंग भूटिया होंगे शामिल

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किय गया है। इस प्रतियोगिता के में विशेष रूप से ग्रामीण अंचलों से आए खिलाड़ियों ने न केवल मेडल की दौड़ में अपनी जगह बनाई है, बल्कि अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से खेल प्रेमियों का दिल भी जीत लिया है। रविवार को प्रतियोगिता में महिला हॉकी के मुकाबलों में जशपुर जिले की टीम ने तकनीकी कौशल और सटीक तालमेल के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम की कप्तान सुश्री सुप्रिया तिग्गा ने इस मंच के लिए शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के ट्राइबल बच्चों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा निखारने के लिए यह एक शानदार मंच मिला है। बास्केटबॉल खेलने आई महिला खिलाड़ियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शासन ने एक ऐसा मंच प्रदान किया है जहां अलग-अलग जिलों के खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।

12 खेल विधाओं में आयोजित सरगुजा ओलंपिक में 100 मीटर दौड़ में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (पुरुष) में गोविंद गुप्ता (जशपुर) ने प्रथम, सईल अंसारी (सूरजपुर) ने द्वितीय तथा अभिषेक कश्यप (बलरामपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष) में टी. नाग. उमेश्वर राव (एमसीबी) प्रथम, जितेन्द्र चौधरी (बलरामपुर) द्वितीय तथा शेर सिंह (सरगुजा) तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 17 वर्ष से कम आयु में रिया तिर्की (जशपुर) प्रथम, संजना सिंह (सूरजपुर) द्वितीय तथा बबीता (बलरामपुर) तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अंजु सिंह (सूरजपुर) प्रथम, अंकिता यादव (एमसीबी) द्वितीय तथा अनीषा पन्ना (जशपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष) में अरुण कुमार (अम्बिकापुर) प्रथम, राकेश एक्का (जशपुर) द्वितीय तथा नीतिश कुमार (सूरजपुर) तृतीय स्थान पर रहे। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (महिला) में सिमरन सिंह (कोरिया) प्रथम, संगीता (सूरजपुर) द्वितीय तथा निर्मला (बलरामपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (महिला) में स्नेहा (कोरिया) प्रथम, सुमन (एमसीबी) द्वितीय तथा मानती (सूरजपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (पुरुष) में यदुवंश (कोरिया) प्रथम, इंद्रजीत (सरगुजा) द्वितीय तथा रुपेश चौहान (जशपुर) तृतीय स्थान पर रहे। 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष) में विश्वनाथ तिग्गा (जशपुर) प्रथम, सुनील कुमार (बलरामपुर) द्वितीय तथा योगेन्द्र सिंह (सूरजपुर) तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 17 वर्ष से अधिक आयु में प्रज्ञा राजवाड़े (सूरजपुर) प्रथम, अंकिता राजवाड़े (कोरिया) द्वितीय तथा लक्ष्मी सिंह (सरगुजा) तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में रिया (सूरजपुर) प्रथम, सुरोमनी बाई (जशपुर) द्वितीय तथा प्रमिला (कोरिया) तृतीय स्थान पर रहीं।





प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी।



# हमारी एजेंसी छोड़ने वालों के लिए अच्छा ही चाहूंगा : करण

**मुंबई।** करण जौहर प्रोड्यूस कई फिल्मों में जान्हवी कपूर ने अभिनय किया है। लगता है कि अब वह अलग रास्ते पर चलना चाहती हैं कि यही वजह है कि हाल ही में वह करण जौहर की टैलेंट एजेंसी से अलग हो गई। हाल ही में एक बातचीत में करण जौहर कहते हैं, 'कुछ टैलेंट ऐसे होंगे जो हमारे पास आएंगे और चले जाएंगे। तीन बड़ी एजेंसियों के बीच हमेशा पासिंग द पार्सल जैसा खेल चलता रहता है।'करण जौहर ने यह भी बताया कि उनकी टैलेंट एजेंसी सबसे ज्यादा बिजनेस करती है। करण जौहर बातचीत में आगे कहते हैं, 'जिस किसी ने भी हमारी एजेंसी छोड़ी है, मैं हमेशा उनके लिए अच्छा ही चाहूंगा, उनके साथ काम भी करूंगा।

लाइफ Style



# परवीर

## कम स्क्रीन टाइम के बावजूद जीता सबका दिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

धुरंधर 2 में एक छोटा सा सीन आता है, जहां जसकीरत सिंह रंगी और उनकी छोटी बहन जसलीन से मिलता है। वो सीन काफी इमोशनल होता है। परवीर कौर पंधेर फिल्म में जसलीन कौर रंगी का किरदार निभाती हैं।

परवीर पंजाबी सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेस और सिंगर हैं और इस फिल्म के साथ उनका बॉलीवुड में डेब्यू था। पंजाब की रहने वाली परवीर कौर पंधेर ने पंजाबी म्यूजिक वीडियोज, गानों और फिल्मों के जरिए मजबूत फैनबेस बनाया है। इंस्टाग्राम पर उनके 8.5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जहां वह अपने सिंगर से एक्टर बनने के सफर को शेयर करती रहती हैं। भले ही परवीर कौर पंधेर का स्क्रीन टाइम कम था, लेकिन जसकीरत सिंह रंगी और जसलीन के सीन ने सबके दिलों में जगह बना ली। 'धुरंधर 2' में जसकीरत सिंह रंगी की छोटी बहन जसलीन सिंह किडनैप हो जाती है, जिसे बचाने के लिए जसकीरत एक विधायक के घर में घुसकर अपने पिता और बड़ी बहन की मौत का बदला लेने के लिए 12 लोगों को मार देता है। इसके बाद जसकीरत को उसकी बहन जसलीन एक झोपड़ी में काफी बुरी हालत में मिलती है। इसके बाद भाई-बहन के मिलने वाला इमोशनल सीन, सबके दिल में जगह बना लेता है। इसे 'धुरंधरः द रिवेंज' का सबसे इमोशनल सीन भी कहा जा रहा है। हाल ही में परवीर कौर पंधेर ने इंस्टाग्राम पर अपने सीन से जुड़ी पोस्ट शेयर की और अपने अनुभव को शेयर किया।

## हॉलीवुड मसाला



# कैंसर के आगे नहीं मानी हार

**लॉस एंजिल्स।** अमांडा पीट ने हाल ही में अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट को लेकर एक आर्टिकल लिखा है। इसमें वह कैंसर पता चलने के झटके और उसके बाद के सफर के बारे में बात करती हैं। इस दौरान वह काफी दुख और कष्ट से गुजरी हैं। 'समथिंग्स गोटा गिव' और 'योर फ्रेंड्स एंड नेबर्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों के लिए मशहूर अमांडा पीट ने एक लेख अपनी कैंसर जर्नी के बारे में लिखा है। वह इसमें बताते हैं कि साल में दो बार ब्रेस्ट चेकअप कराती थीं। पिछले साल लेबर डे से पहले एक रूटीन स्कैन उन्होंने कराया, जिसके बाद ब्रेस्ट कैंसर का पता चला।



# वे ऑफ द ड्रैगन जैसी एक्शन फिल्मों में किया काम...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता चक नॉरिस का निधन हो गया। चक ने 86 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। चक नॉरिस ने द डेल्टा फोर्स, लोन वुल्फ मैकक्वेड, कोड ऑफ साइलेंस, ब्रूस ली के साथ 'वे ऑफ द ड्रैगन', चक की सेहत थी नाजुक जैसी कई एक्शन फिल्मों में अभिनय किया। चक नॉरिस के परिवार ने उनके निधन पर इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'बहुत दुख के साथ, हमारे परिवार ने प्यारे चक नॉरिस के अचानक निधन की खबर साझा की है। हम इस बात को निजी रखना चाहते हैं, लेकिन इतना जान लीजिए कि वे परिवार के साथ थे और शांति से चले गए।' 'दुनिया के लिए वे एक महान मार्शल आर्टिस्ट, अभिनेता और ताकत का प्रतीक थे। हमारे लिए वे एक बहुत अच्छे पति, प्यार करने वाले पिता और दादा, बेहतरीन भाई और हमारे परिवार का दिल थे।



# त्रिमुखी फल के बारे में बताई दिलचस्प बात

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी बहुत सख्त फिटनेस रूटीन फॉलो करती हैं। वह कड़ी एक्सरसाइज और बैलेंस्ड डाइट लेती हैं। लेकिन, कभी-कभी वह अपना मनपसंद खाना खाकर मजा भी करती हैं। रविवार को अपने चीट डे पर शिल्पा ने एक मजेदार वीडियो इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। इसमें वह स्वादिष्ट समोसे खाती दिख रही हैं। इसके साथ ही अलग-अलग तरह की चटनी और जलेबी भी खाती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में मजाकिया आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें समोसे को 'त्रिमुखी फल' कहा जा रहा है। आवाज में कहा गया, 'यह फल पूरे साल मिलता है और दिन में कभी भी खाया जा सकता है। इसे खाने वाले को तीनों लोकों में सुख मिलता है।



# दिखाई वीर सावरकर की खास झलक

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' ने रविवार को रिलीज के पूरे 2 साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रविवार को रणदीप ने इस फिल्म का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी इस फिल्म ने उनकी सभी सीमाओं की परीक्षा ली। रणदीप की पत्नी लिन ने भी एक खास कमेंट कर अपनी राय पेश की है। यह वीडियो विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म के बारे में हैं। इसके साथ रणदीप ने कैप्शन में लिखा कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने अभिनय और निर्देशन दोनों किए थे। यह फिल्म उनकी हर सीमा को परखने वाली थी। उन्होंने लिखा, 'मैंने इसे जिया, इसका सामना किया और महसूस किया। यह सफर हमेशा याद रहेगा।'

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में अक्षय महानाग बन कर प्रियंका की करेंगे मदद

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 7' में अब अक्षय कुमार नजर आएंगे। हाल ही उन्होंने एक खास सीक्वेंस शूट किया। वह 'नागिन 7' में महानाग का रोल प्ले करेंगे और नागरानी अनंता की मदद करेंगे। अक्षय 'भूत बंगला' प्रमोट करने के लिए 'नागिन 7' का हिस्सा बने हैं। एकता 'भूत बंगला' की भी प्रोड्यूसर हैं। अक्षय कुमार हाल ही 'नागिन 7' के सेट पर नजर आए, जहां साथ में राजपाल यादव, एकता कपूर, प्रियंका चाहर चौधरी और कनिका मान भी थीं। अक्षय और राजपाल यादव का 'नागिन 7' के सेट पर जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है और चर्चा में है। 'नागिन 7' और 'भूत बंगला' के इस क्रॉसओवर ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है और वो इस नए ट्रैक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीवी सीरियल 'नागिन 7' में फिलहाल दिखाया जा रहा है कि चंगिस्तान के लोग भारत देश को नुकसान पहुंचाने के लिए हर संभव साजिश रच रहे हैं। वो नागमणि के अलावा आर्यमन सूरी के उस सीक्रेट लॉकर को पाना चाहते हैं, जिसमें उसके महान वैज्ञानिक पिता ने देश की सुरक्षा से जुड़ी कुछ चीजें सहेजकर रखी थीं। आहना (नागरानी अनंता) को कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है कि वह देश के दुश्मनों का मुकाबला कैसे करे और किस तरह आर्यमन को भी दुश्मनों से बचाए। वहीं, 'भूत बंगला' की बात करें, तो इसे प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है।

## 'तारक मेहता' ने टॉप-5 में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी टीआरपी की रिपोर्ट आ गई है और इस बार के शोज की लिस्ट में काफी उलट-फेर हुई है। स्टार प्लस के दो शोज तो हमेशा की तरह टॉप- 2 में बने हुए हैं। नंबर



1 पर एकता कपूर का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और दूसरे पर राजन शाही का 'अनुपमा' बना हुआ है। हालांकि, इसके बाद के नंबर्स में बड़ी हलचल है। हालांकि, सबका चहेता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने सबको चौंकाते हुए टॉप-5 में अपनी जगह बनाई है। लंबे समय से लोकप्रिय इस सिटकॉम की दर्शकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और यह टॉप 5 में शामिल होकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इस अचानक हुई वृद्धि से हिंट मिलता है कि मौजूदा कहानी लोगों को पसंद आ रही है। इसकी टीआरपी 1.8 और पहुंच 2.9 है।

# तमन्ना-शनाया की रैंप वॉक का जलवा

## फैंस पर चलाया हुस्न का जादू

**मुंबई।** मुंबई में इन दिनों एक चर्चित फैशन वीक चल रहा है। कई बॉलीवुड एक्ट्रेस रैंप वॉक कर रही हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया और शनाया कपूर ने भी रैंप वॉक की। दोनों के लुक, ड्रेस ने फैंस का दिल जीत लिया। तमन्ना भाटिया ने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है, वह इन दिनों बहुत फिट नजर आती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने डिजाइनर भूमिका शर्मा के लिए रैंप वॉक की। वहीं, शनाया कपूर डिजाइनर रितिका मिराचंदानी के फैशन शो की शो स्टॉपर बनीं।



दोनों एक्ट्रेस के लिए काफी चर्चा में रहे हैं। मुंबई के नामी फैशन वीक में तमन्ना भाटिया ने डिजाइनर भूमिका शर्मा की बनाई ड्रेस पहनकर रैंप वॉक की। उन्होंने एक गाउन पैटर्न ड्रेस पहनी थी। गहरे लाल रंग की इस ड्रेस पर सिल्वर कलर से फूलों और पत्तियों के डिजाइन बने थे, इस पर बारीक कढ़ाई भी की गई थी। इस ड्रेस के साथ उन्होंने ग्रीन कलर वाली ज्वेलरी को टीमअप किया था। इस फैशन वीक में शनाया कपूर ने भी शिरकत की है। वह डिजाइनर रितिका मिराचंदानी के लिए शो स्टॉपर बनीं। शनाया कपूर ने कॉकटेल साड़ी पहनी थी। इस साड़ी पर खूबसूरत कारीगरी की गई थी। शनाया कपूर ने काफी कॉन्फिडेंस से रैंप वॉक की। तमन्ना भाटिया की जल्द ही एक फिल्म 'वन' रिलीज होगी। शनाया कपूर की बात करें तो पिछले दिनों वह एक फिल्म 'तू या मैं' नजर आईं। फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रेस्पॉन्स नहीं मिला है।

# दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए... धुरंधर 2 के सात दमदार डायलॉग, रटते ही समा जाएगी देशभक्ति

**नई दिल्ली।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी से लेकर कास्ट और डायलॉग्स तक की हर कोई बात कर रहा है। अब इन्हीं में से आपको सात दमदार डायलॉग बताते हैं जो हमेशा याद रहेंगे।

**बदला लेना आसान नहीं होता** : 'बदला लेना आसान नहीं होता, दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए होता है और वो ईंधन हर किसी के पास नहीं होता है।' खैर, यह डायलॉग बहुत ही जोरदार और उत्तेजक है।

**देश को संभाल लूंगा** : 'इस जन्म में फैमिली फर्स्ट यारा, अगले जन्म में देश को भी संभाल लूंगा।' यह डायलॉग एक व्यक्ति की अपने देश के प्रति मंशा और प्रेम को दिखाता है।



**हिंदुस्तानी काफिर का सर** : 'हिंदुस्तानी काफिर का सर कटकर मुशर्रफ के दस्तरख्वान पर रखा था मेजर इकबाल ने, खुदा कसम, अब एक और हिंदुस्तानी का सर कटकर मुरीदके के मीनार से लटकाऊंगा।' - यह डायलॉग निश्चित तौर पर हमें घुसपैठियों के खिलाफ चार्ज देगा।

**हम मर्द हैं जसकीरत** : 'हम मर्द हैं जसकीरत; पैदा होने से मरने तक हमारा फर्ज है लड़ना।' - यह डायलॉग हीरो को देश के प्रति उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराता है।

**इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है** : 'इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है; वफादार की थोड़ी ज्यादा।' - धुरंधर 2 का ये डायलॉग दुनिया की हकीकत बताता है।

**जिंदा रखके तड़पने में** : 'जिंदा रखके तड़पाने में जो मजा है वो मौत में कहां।' - यह डायलॉग दिखाता है कि जब एक एजेंट देश की रक्षा के लिए ड्यूटी पर होता है तो उसे दुश्मन के प्रति किस तरह क्रूर होना पड़ता है।

**अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल** : 'अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल हिंदुस्तान तय करेगा।' - यह डायलॉग दिखाता है कि खुफिया टीम की रणनीतियों की मदद से देश अब पड़ोसी राष्ट्र पर शासन करने के लिए तैयार है।

## श्रद्धा, विश्वास और भावनाओं का सुंदर संगम हैं ये बॉलीवुड सॉन्ग्स

# ओ शेरोंवाली इन गानों के बिना अधूरा है नवरात्रि का उत्सव

*नई दिल्ली। नवरात्रि का समय आते ही बॉलीवुड के कई भक्ति गीत अपने आप याद आ जाते हैं। नवरात्रि के दौरान जब पूरे देश में माता रानी की भक्ति का माहौल बनता है, तब बॉलीवुड के कुछ खास भजन अपने आप हर पंडाल, मंदिर और जागरण में सुनाई देने लगते हैं। ये गाने सिर्फ म्यूजिक नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और भावनाओं का एक सुंदर संगम होते हैं।*

### ओ शेरोंवाली

फिल्म सुहाग का यह भजन नवरात्रि का खास गाना बन चुका है। इस गाने में माता रानी की शक्ति और उनके आशीर्वाद का गुणगान किया गया है। इसकी धुन इतनी जोशीली है कि यह भजन अक्सर जागरण और पंडालों में माहौल को भक्तिमय बना देता है।

### चलो बुलावा आया है

अवतार फिल्म का यह भजन माता के दरबार जाने की आस्था को बहुत खूबसूरती से दर्शाता है। 'बुलावा' शब्द ही इस गाने की जान है, जो यह भावना देता है कि जब माता रानी बुलाती हैं, तभी भक्त उनके दरबार तक पहुंचता है।



**मां शेरावालिये तेरा शेर आ गया** : अक्षय कुमार, रवीना टंडन और रेखा की फिल्म 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी'का गाना 'मां शेरावालिये तेरा शेर आ गया' काफी पॉपुलर है। नवरात्रि के टाइम पर किसी पंडाल में ये गाना ना चले, ऐसा हो ही नहीं सकता।

### तूने मुझे बुलाया शेरांवालिये

फिल्म आशा का यह भजन भक्त और माता के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है। ये गाना नवरात्रि के टाइम पर काफी सुना जाता है।

### जय अम्बे जगदम्बे मां

फिल्म क्रांतिवीर से नाना पाटेकर और डिंपल कपाड़िया का 'जय अम्बे जगदम्बे मां' सबसे चर्चित गानों में से एक है। यह भी नवरात्रि में काफी सुना जाता है।

### दुर्गा है मेरी मां

फिल्म क्रांति का 'दुर्गा है मेरी मां' भजन लगभग सभी को याद होगा। इसके बिना नवरात्रि अधूरी सी लगती है।

## खबर संक्षेप

### सत्य सांई दिव्य रथ का भ्रमण 29 तक



**अनूपपुर।** सत्य सांई सेवा संगठन मध्यप्रदेश के सौजन्य से सत्य सांई रथ जिले के विभिन्न नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए शनिवार को अनूपपुर जिले के कोतमा जनपद के ग्राम पंचायत थानगांव, ग्राम कोठी, नगरपालिका क्षेत्र बिजुरी, ग्राम पकरिहा, बेनीबहरा, कुदरी, मौहरी का भ्रमण किया गया। सांई समिति के भगवान दास द्विवेदी, लखन लाल पनिका ने बताया कि सांई रथ के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यह है कि बाबा के जो भक्त पुट्टपर्थी आंध्र प्रदेश बाबा की समाधि के दर्शन करने नहीं पहुंच पा रहे हैं उन भक्तों को बाबा स्वयं रथ के माध्यम से उनके घर पहुंच कर दर्शन दे रहे हैं,रथ के अंदर सत्यसांइ्ई बाबा की दिव्य समाधि और चरण चिन्ह बने हुए हैं जो पुट्टापर्थी की अनुभूति कराते हैं। इस भव्य साईं रथ का बिजुरी कोठी समिति के सदस्यों ने बिजुरी में फूलों से भव्य स्वागत किया। आयोजन में श्री सत्यसांई सेवा समिति के भगवान दास द्विवेदी, लखन लाल पनिका, संत विनोद शुक्ला, पंकज पांडे, तारा दास शाहू, राहुल कुमार पनिका, बाल मुकुंद मिश्रा, विनय शुक्ला, देवेन्द्र द्विवेदी, अनुपम, आशीष, विनोद सहित काफी संख्या में महिलाएं पुरूष शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

### सर्व यादव समाज का संगठन विस्तार

**बैकुण्ठपुर।** सर्व यादव समाज प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु एवं प्रदेश सचिव गणेश यादव के सहमति से यादव समाज कोरिया के जिला संरक्षक रेवा यादव एवं राम विनोद यादव के अध्यक्षता में संगठन विस्तार के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्व यादव समाज कोरिया के जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भुवनेश्वर यादव पटना व शिवप्रताप यादव ग्राम पिपरा को दी गई। वहीं सह सचिव राजकुमार यादव ग्राम गेजी, जिला प्रवक्ता रमेश यादव व हेमंत यादव, जिला मंत्री थलेश्वर यादव ग्राम सारा व मिथलेश यादव ग्राम टेमरी, जिला मीडिया प्रभारी अवध यादव, सह मीडिया प्रभारी राम रहिम यादव व बैकुंठपुर तहसील अध्यक्ष संत कुमार यादव ग्राम रोबो को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### चिरमिरी-नागपुर रेल परियोजना के लिए सर्वे शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** रेलवे की बहुप्रतीक्षित चिरमिरी-नागपुर रोड हॉल्ट रेल परियोजना अब तेजी पकड़ रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय मनेन्द्रगढ़ से जारी जानकारी के अनुसार परियोजना के तहत प्रभावित गांवों में भूमि अधिग्रहण के लिए संयुक्त सर्वे कार्य 24 से 27 मार्च तक चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इस दौरान 24 से 25 मार्च तक ग्राम बंजी और सरोला में सर्वे होगा, जबकि 26 से 27 मार्च तक ग्राम चिरईपानी, खैरबना और चित्ताझोर चित्त तहसील चिरमिरी में सर्वे किया जाएगा। सर्वे कार्य प्रतिदिन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें भूमि का चिन्हांकन, पंचनामा, फोटोग्राफी, भूमि उपयोग का परीक्षण तथा संरचनाओं जैसे मकान, पेड़, कुआं, नलकूप आदि का विस्तृत निरीक्षण किया जाएगा। इस परियोजना में कुल 5 गांवों के 163 खसरे प्रभावित होंगे, जिनमें बंजी के 55, सरोला के 11, चिरईपानी के 41, खैरबना के 34 और चित्ताझोर के 22 खसरे शामिल हैं। प्रशासन ने सभी प्रभावित भूस्वामियों, सह-स्वामियों एवं कब्जाधारियों से अपील की है कि वे अपने भूमि संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, विक्रय पत्र, बंटवारा, न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जानकारी आदि के साथ निर्धारित तिथियों में मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सर्वे टीम को सहयोग प्रदान करें।

### गड्ढ़ों से मंडरा रहा हादसे का खतरा

# गौरव पथ बना खतरे का रास्ता

हरिभूमि न्यूज. कोरिया कॉलरी





शहर के मुख्य मार्ग सोनामनी चौक से गुरूद्वारा चौक तक बन रहे गौरव पथ का निर्माण कार्य इन दिनों आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। सड़क किनारे खोदे गए गहरे गड्ढ़े अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। जानकारी के अनुसार गौरव पथ निर्माण के तहत ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन से सड़क किनारे लंबी खुदाई की गई थी। इसी बीच किसी प्रशासनिक या तकनीकी कारण से नगर निगम ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी।

हालांकि काम बंद हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन खुदे हुए गड्ढ़ों को न तो भरा गया है और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं। निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की खुलकर अनदेखी की जा रही है। न तो खुदाई वाले क्षेत्र में बैरिकेडिंग की गई है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। रात के समय गड्ढ़े दिखाई नहीं देते, क्योंकि वहां रिफ्लेक्टिव टेप या लाइट की भी व्यवस्था नहीं है, इसके अलावा, खुदाई से निकली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई है, जिससे फिसलन का खतरा और बढ़ गया है। सोनामनी चौक से गुरुद्वारा चौक तक का मार्ग शहर का सबसे व्यस्त रास्ता माना जाता है। ऐसे में खुले गड्ढे किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं, खासकर रात या बारिश के दौरान स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम और ठेकेदार के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद संदीप सोनवानी ने कहा कि काम रोकना निगम का निर्णय हो सकता है, लेकिन गड्ढ़ों को खुला छोड़ देना ठेकेदार की लापरवाही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कोई दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि या तो जल्द से जल्द निर्माण कार्य दोबारा शुरू किया जाए या फिर सुरक्षा के उचित इंतजाम करते हुए गड्ढ़ों को तुरंत भरा जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



# चैत्र नवरात्रि पर 801 मीटर भव्य चुनरी यात्रा निकली

हरिभूमि मनेन्द्रगढ़



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ शहर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बस स्टैंड स्थित काली मंदिर से 801 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस विशाल धार्मिक आयोजन ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया।

चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन सुबह से ही शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर करीब 4 बजे बस स्टैंड वार्ड क्रमांक 19 स्थित काली मंदिर से माता रानी की आकर्षक झांकी के साथ चुनरी यात्रा का शुभारंभ हुआ। 801 मीटर लंबी चुनरी इस यात्रा का मुख्य आकर्षण रही, जिसे श्रद्धालु अपने हाथों से थामकर पूरे मार्ग में आगे बढ़ाते रहे। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों जैसे भगत सिंह तिराहा, रिंग रोड, पुरानी बस्ती, जेकेडी रोड, सांई मंदिर, विवेकानंद चौक, गुरूनानक चौक, जैन मंदिर चौक, फव्वारा चौक और पुराना नगरपालिका चौक से होते हुए पुनः काली मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भक्ति, जयकारों और भजनों से वातावरण गूंजता रहा। इस दौरान शहर के व्यापारियों और समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। इस भव्य चुनरी यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि शहर में एकता और सामूहिक सहभागिता का भी सुंदर संदेश दिया। आयोजन की सफलता में स्थानीय नागरिकों, समिति सदस्यों और प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा।

# जल संरक्षण का संकल्पः जल जीवन मिशन के तहत जल उत्सव

### लोगों ने लिया जिम्मेदारी निभाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनटोला में 22 मार्च को विश्व जल दिवस, जल अर्पण दिवस, जल उत्सव पखवाड़ा का आयोजन एवं जनजागरूकता से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्रामीणों को जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक सशक्त पहल प्रस्तुत की। पंचायत भवन के समीप आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार के निर्देशन, सहायक अभियंता जयंत कुमार चंदेल एवं उप अभियंता मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जनपद उपाध्यक्ष हीरा लाल मौर्य, जिला महामंत्री हीरालाल यादव, जनपद सदस्य रविन्द्र कुमार बैगा एवं देवेन्द्र कुमार सिंह सहित ग्राम पंचायत मोहनटोला के सरपंच अमरबहादुर सिंह, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, जल बहिनियां, पंप ऑपरेटर सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जागृति महिला समिति की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



भीषण गर्मी के आगमन के साथ ही जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र द्वारा केन्द्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ में प्याउ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पहल श्रद्धा महिला मंडल, बिलासपुर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संचालित है।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समिति की अध्यक्षा डॉ. श्रीमती सरोज बाला बिश्नोई द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. बिश्नोई ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। बढ़ती गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना न केवल मानवता का कर्तव्य है, बल्कि यह एक पुण्य कार्य भी है। अस्पताल एक ऐसा स्थान है जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग विभिन्न कारणों से आते हैं, ऐसे में उन्हें शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि पशु-पक्षियों के प्रति भी संवेदनशीलता रखना है। इसी सोच के तहत पशुओं के लिए नाद (टंकी) एवं पक्षियों के लिए जल पात्र की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान मरीजों, उनके परिजन, मजदूरों एवं आम नागरिकों को शिकंजी, जलजीरा, सत्तू, लस्सी, छाछ के साथ-साथ फल, फूटा चना, गुड़ एवं अंकुरित मूंग-चना वितरित किया गया। इस सेवा कार्य से उपस्थित लोगों ने राहत महसूस की और समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जागृति महिला समिति की सचिव श्रीमती रूना मित्रा, श्रीमती पूनम रानी, श्रीमती तृप्ति पांडे, श्रीमती माला तिवारी, श्रीमती शांति सिंह, श्रीमती ज्योति कुमार, श्रीमती प्रगति गुप्ता, श्रीमती संचली पाल, श्रीमती दीपास्मिता रावत, डॉ. प्रीता, डॉ. अपराजिता स्वाति सहित अन्य सदस्यों एवं अस्पताल स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। इस सराहनीय पहल ने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जागृति महिला समिति का यह प्रयास निश्चित रूप से अन्य सामाजिक संगठनों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगा।

# पीएम जनमन आवास की पक्की छत से सुकबरिया के जीवन में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को निरंतर उनके सपनों का आशियाना मिल रहा है। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के दूरस्थ ग्राम पंचायत गढ़तर में रहने वाली सुकबरिया के कच्चे मकान की जगह अब वंचित वर्ग के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई गई जनमन योजना के तहत पक्का आवास मिल गया है, इससे उनके जीवन में सुखद बदलाव आने लगा है। पहले डरकर कच्चे घर में रहने वाला यह परिवार अब चैन की नींद सोने लगा है।

ग्राम पंचायत गढ़तर जो कि बचरा-पोड़ी क्षेत्र की एक सुदूर ग्राम पंचायत है,वहां एक अति साधारण किसान परिवार रहता है। इस परिवार के मुखिया सुखलाल और उनकी पत्नी सुकबरिया के साथ उनके तीन बच्चों का परिवार वर्षों से दूसरे के खेतों में की जाने वाली मजदूरी के सहारे अपना जीवन-यापन कर रहा है। खेती से मिलने वाली सीमित आय मौसम पर निर्भर रहती और मनरेगा के होने वाले ग्राम पंचायत में उपलब्ध कार्यों से आय के साधन भी सीमित ही रहते। ऐसे में पक्का मकान बना लेना असंभव की तरह ही था। सीमित संसाधनों के बावजूद कठिनाई से जीवन-यापन करने वाले इस परिवार के पास कुल चालीस डिस्मिल जमीन है। इसमें आधे में कच्चा मकान और छोटी सी बाड़ी है। यह पूरा परिवार पहले एक कच्चे मकान में रहता था। यह मकान बारिश के मौसम में बहुत असुरक्षित हुआ करता था। छानी से पानी टपकना, बारिश में कच्ची दीवारों का कमजोर होकर गिरने का डर और बारिश में घर के अंदर पानी भर जाना जैसी समस्याएं हर साल बरसात उनके लिए चिंता और परेशानी लेकर आती थी। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत विशेष तौर पर चिन्हित परिवारों को पक्के मकान बनाए जाने के लिए दो लाख रूपए की सहायता प्रदान की जाती है। इसके तहत सुकबरिया को भी अपने आवास निर्माण के लिए दो लाख रूपए प्राप्त हुए।

# जमड़ी सहकारी समिति में 100 बोरी से अधिक उर्वरक खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़




जमड़ी सहकारी समिति, इनसेट में खराब उर्वरक।

खेती किसानी के मौसम में उर्वरक किसानों के लिए क्या महत्व रखता है यह किसानों के अलावा कोई दूसरा नहीं बता सकता। अगर फसल लगाने के शुरुआती दिनों में उर्वरक किसानों को मिल जाए तो न सिर्फ पैदावार अच्छी होती है बल्कि फसल को लेकर किसानों की चिंता भी काफी कम हो जाती है। हैरानी की बात तो यह है कि जब किसान उर्वरक की किल्लत से जूझ रहे थे तब उन्हें समय पर उर्वरक नहीं मिली वहीं अब समिति प्रबंधन की लापरवाही के कारण गोदाम में ही 100 बोरी उर्वरक खराब हो गई। ऐसे में समिति प्रबंधन की लापरवाही साफ उजागर होती है। बरसात के शुरू होते ही जहां खेती किसानी का कार्य शुरू हो जाता है ऐसे में खाद बीज की दुकान की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। जो बिना लाइसेंस या कृषि विभाग, खाद विभाग के लिस्ट में नहीं रहते और मनमानी तरीके से दुकान खोलकर अनाप-शनाप दर पर खाद-बीज की बिक्री करते है। किसानों को उर्वरक समय पर सस्ती दर पर उपलब्ध हो इसके लिए सरकार की एक राष्ट्र–एक उर्वरक योजना के तहत उपलब्ध कराया जाता है, जिसका उद्देश्य किसानों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना है। लेकिन जमडी समिति में इस योजना की जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत नजर आई। क्षेत्र के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जमडी में सरकारी उर्वरक उपलब्ध कराई गई थी जिसे किसानों को वितरण करना था। हैरानी की बात यह है कि समिति के गोदाम मे बड़ी पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध थे बावजूद इसके किसानों को समय पर उर्वरक नसीब नहीं हो सका। इधर जब गोदाम का निरीक्षण किया गया तो गोदाम में रखी 100 से अधिक बोरी उर्वरक पूरी तरह काला पड़कर सख्त हो चुकी पाई गई, जो अब किसानों के उपयोग के योग्य नहीं बची है।

### विश्व वानिकी दिवस पर विविध कार्यक्रम

**उदयपुर।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर उदयपुर में वन विभाग द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन विभाग के रेंजर फेंकू चौबे के निर्देशन में संपन्न हुआ। भाजपा महिला मंडल की कल्पना भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई। जिसमें विभिन्न गांवों के सरपंच, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामीणों ने सक्रिय योगदान दिया। पौधरोपण के माध्यम से वन संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया गया। वन विभाग के कर्मचारियों एवं बीट प्रभारियों ने जंगलों के दोहन, आग से बचाव तथा अन्य चुनौतियों पर प्रकाश डाला और लोगों से जंगलों की सुरक्षा करने की बात कही।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शिवघाट में अनियंत्रित...

कि वाहन खाई से पहले ही सड़क किनारे रूक गया और वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। सोमवार को दोपहर में अनियंत्रित हुई ट्रक पर लदे बोरियों को दूसरी ट्रक में पलटी कर गंतव्य की ओर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर पड़ने वाले शिवघाटी क्षेत्र में भारी वाहनों को काफी सतर्कता के साथ चलाना होता है, अन्यथा थोड़ी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### 26 पदक जीतकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

# कोरिया का शानदार प्रदर्शन, 10 स्वर्ण पदक पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



सरगुजा ओलंपिक 2026 में कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतरराष्टीय कुश्ती खिलाड़ी श्रीमती गीता फोगाट की उपस्थिति में हुआ। कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 26 पदक अपने नाम किए, जिसमें 10 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं।

खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम रहा कि जिले ने कई प्रतिस्पर्धाओं में बढ़त हासिल की। स्वर्ण पदकों में बैडमिंटन अंडर-17 सिंगल्स व डबल्स बालिका, फुटबॉल सीनियर बालिका, वॉलीबॉल जूनियर बालिका, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़, रिले रेस और शॉट पुट जैसी स्पधार्एं शामिल रहीं। वहीं रजत पदक 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, तीरंदाजी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और फुटबॉल में प्राप्त हुए। कांस्य पदकों में 400 मीटर, तीरंदाजी, रिले रेस, कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन शामिल हैं। इस शानदार उपलब्धि से कोरिया जिले का नाम पूरे प्रतियोगिता में गौरवान्वित हुआ है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ियों में जुनून और जीवटता की कोई कमी नहीं है। हार से निराश होने के बजाय दोगुनी मेहनत के साथ लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।




